कियारा आडवाणी के साथ अफेयर रखना चाहते हैं सिद्धार्थ मल्होत्रा



हाल में बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपना जन्मदिन मनाया था। इस दौरान कियारा के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा पूरे टाइम दिखाई दिए थे। वैसे पिछले काफी समय से इन दोनों के बीच अफेयर के चर्चे हैं। अब सिद्धार्थ ने एक बार फिर इस पर ऐसा बयान दिया है जो इस अफेयर पर लगभग मोहर लगा देता है। भले ही सिद्धार्थ अपने रिलेशनशिप पर खामोशी बरत रहे हों लेकिन उन्होंने कहा है कि कियारा अभिनेत्रियों की उस लिस्ट में शामिल हैं जिनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा हुक-अप करना चाहते हैं। एक चैट में सिद्धार्थ से पूछा गया कि वह बॉलवुड में किसे मारना चाहते हैं, किससे शादी करना चाहते हैं और किसके साथ अफेयर रखना चाहते हैं? इसके जवाब में सिद्धार्थ ने कहा, मेरा किसी को मारने या किसी से शादी करने का कोई इरादा नहीं है। इसलिए मैं कियारा, जैकलीन फर्नांडिस और तारा सुतारिया से अफेयर रखना चाहूंगा। अगर लड़कों की बात करें तो सिद्धार्थ ने अपने बॉयज गैंग में वरुण धवन, रणवीर सिंह और आदित्य रॉय कपूर का नाम लिया। सिद्धार्थ से यह भी पूछा गया कि अगर वह किसी डेटिंग ऐप पर हों तो वह अपने परिचय में क्या लिखेंगे। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मेरे बायो में लिखा होगा सुंदर सुशील और रिस्की । सिंगल होने का यही फायदा होता है कि आपको अपना बिस्तर किसी के साथ शेयर नहीं करना होता। बता दें कि सिद्धार्थ की आने वाली फिल्म जबरिया जोड़ी जल्द ही रिलीज होने वाली है जिसमें वह परिणीति चोपड़ा के साथ दिखाई देंगे। इसके अलावा सिद्धार्थ फिल्म शेरशाह में कियारा के साथ और फिल्म मरजावां में तारा सुतारिया के साथ दिखाई देंगे।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



करिश्मा को नुक्कड़ नाटक की शूटिंग में आता है मजा

अभिनेत्री करिश्मा शर्मा ने कहा है कि उन्हें नुक्कड़ नाटक के लिए शूटिंग करने में मजा आता है। वह जल्द ही नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला समर सिंह डेयरी में दिखाई देंगी। करिश्मा पवित्र रिश्ता और यह है मोहब्बतें जैसे प्रसिद्ध धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं। शो में करिश्मा और रणविजय सिंह दिखाई देंगे। करिश्मा ने कहा, समर सिंह डेयरी का हिस्सा बनने के लिए मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। यह एक नुक्कड़ नाटक की सीरीज है। मुझे इसकी शूटिंग करने में मजा आता है। शो की कहानी आपको बांध कर रखती है, मैं आपसे वादा करती हूं, इसमें आपको मेरी एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने साथी कलाकार रणविजय के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। हम आपके लिए ऐसा शो लाने वाले हैं, जो आपको बेहद पसंद आएगा।

किरदारों के लिए ऑडिशन देते रहना मुझे जमीन से जोड़े रखता है : कल्कि कोचलीन

नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री कल्कि कोचलिन, जो आगामी शो सेक्रेड गेम्स 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, उन्हें यह किरदार ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से मिला है. फिल्म उद्योग में एक सफल करियर बनाने के बावजूद, वह कहती हैं कि उन्हें अपनी अभिनय क्षमता को साबित करने के लिए ऑडिशन देने में कोई समस्या नहीं है. नेटफ्लिक्स टीवी सीरिज के ऑडिशन के लिए जब उनके पास फोन आया तो उन्हें काफी आश्चर्य हुआ. उस बात को याद करते हुए कल्की नेबताया, मैंने शो देखा था और एक महीने बाद ही मुझे शो के लिए ऑडिशन देने के लिए बुलाया गया.

मैंने जब इसका पहला सीजन देखा था, तब मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं इस शो का हिस्सा बनूंगी. जब मुझे इसके लिए कॉल आया तो मैं काफी हैरान और उत्साहित हो गई. इसके साथ ही अभिनेत्री ने साझा किया, एक किरदार के लिए ऑडिशन देना, मेरे लिए काफी रीफ्रेशिंग है क्योंकि निर्देशक को पता होना चाहिए कि मैं उस किरदार को निभाने में सक्षम हूं या नहीं. उन्होंने अब तक का मेरा काम देखा होगा, लेकिन अगर मुझे अतीत में निभाए गए किरदारों से कुछ अलग करने का प्रस्ताव मिलता है, तो उन्हें मेरा ऑडिशन लेना चाहिए. मुझे ऑडिशन देने में कोई समस्या नहीं है. अभिनेत्री ने आगे कहा, शायद मैंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए बहुत बार ऑडिशन नहीं दिए, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स के लिए मैं ऑडिशन देती रहती हूं और ये प्रक्रिया मुझे जमीन से जोड़े रखती है. बता दें कि सेक्रेड गेम्स 2 में वह बात्या नामक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जिसके पिता एक यहूदी फ्रांसीसी हैं और मां एक फिलिस्तीनी हैं, जिन्होंने उसे किशोर उम्र में छोड़ दिया था.